भाकृअनुप – केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर

स्वच्छता पखवाड़ा दैनिक रिपोर्ट : दिनांक 16 दिसम्बर 2021

विषय : केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन।

दिनांक 16 दिसम्बर, 2021 को केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में स्वच्छता पखवाड़ा का उद्‌घाटनकिया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर ने स्वच्छता की महत्ता बताई तथा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संस्थान के साथ–साथ आवासीय परिसर में भी स्वच्छता बनाये रखने का आह्वान किया। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को घटाने तथा वैकल्पिक उपाय खोजने की आवश्यकता बताई। निदेशक तथा अन्य अधिकारियों द्वारा पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता शपथ का पाठन श्री सुरेश कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी द्वारा किया गया। संस्थान में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन दिनांक 16–31 दिसम्बर 2021 तक किया जायेगा। जिसके अंतर्गत संस्थान के सभी कार्यालयों में साफ–सफाई का आयोजन, मेरा गांव मेरा गौरव परियोजना के अंतर्गत अंगीकृत गांव की सफाई, संस्थान परिसर में बेकार पड़े जैविक अपशिष्टों का निस्तारण, संस्थान परिसर की सीवरेज एवं पानी की लाईनों की सफाई, कृषकों एवं अन्य सामाजिक संगठनों के साथ स्वच्छता संबंधी अनुभव साझा करना, गैर अंगीकृत गांवों में कृषक महिलाओं, कृषकों एवं नौजवानों के सहयोग से सफाई अभियान, संस्थान के समीप दार्शनिक स्थल डिग्गी–कल्याणजी में स्वच्छता अभियान, स्वच्छता संबंधी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन, गैर–अंगीकृत गांवों के बेकार पड़े अपशिष्टों को उपयोग में लेना, अंगीकृत गांव की सीवरेज एवं पानी की लाईनों की सफाई का अभियान, प्रयोगशाला रसायनों का सुरक्षित निस्तारण, स्वच्छता गतिविधियों के प्रचार–प्रसार हेतु प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कृषकों व पशुपालकों की भागीदारी हेतु आयोजन आदि विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

नवीन कुमार यादव
सहायक निदेशक (रा भा)
एवं समन्वयक, स्वच्छ भारत अभियान

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्
केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर
स्वच्छता पखवाड़ा
(16 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2021)

स्वच्छता पखवाड़ा